# अनुशासन ही वह शक्ति है, जो हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचाती है

## कलेक्टर आदित्य सिंह ने कॉलेज में किया छात्र-छात्राओं से संवाद, विद्यार्थियों की शंकाओ का किया समाधान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** युवा अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत के साथ अपने सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हों। आगे बढने के लिए जीवन में अनुशासन का होना आवश्यक है। यह बाते कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं से संवाद सत्र के दौरान कहीं। दरअसल प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में आंतरिक गुणवत्ता अश्वासन प्रकोष्ठ एवं विज्ञान संकाय द्वारा संवाद सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर आदित्य सिंह विद्यार्थियों से संवाद हेतु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम शैक्षणिक उत्कृष्टता के अंतर्गत विद्यार्थियों और प्रख्यात एवं सफल व्यक्तित्व के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के मार्गदर्शन और संयोजक डॉ. दीक्षा भट्ट, सहायक प्राध्यापक के निर्देशन में कियागया।



संवाद सत्र के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह ने विद्यार्थियों से आत्मीयता से बातचीत करते हुए अपने जीवन की प्रेरणादायी यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि उनकी शिक्षा की शुरुआत एक छोटे से जिले रीवा से हुई, जहां से उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर आईआईटी रुड़की में प्रवेश प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली जाकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की और पहले ही प्रयास में भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में चयनित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया की रील्स या वीडियो से पाई क्षणिक प्रेरणा हर समय हमारे साथ नहीं रह सकती, लेकिन आत्म-अनुशासन ही वह शक्ति है जो हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कॉलेज में सुधार के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। विद्यार्थियों ने बेहतर पुस्तकालय सेवाएँ, खेल सुविधाओं में विस्तार, नए पाठ्यक्रम के प्रति जागरूकता और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये सुविधायें उपलब्ध कराये जाने जैसे सुझाव दिए। वहीं विद्यार्थियों ने इस बात की सराहना की कि व्यस्त प्रशासनिक दायित्वों के बावजूद कलेक्टर ने उनके साथ समय बिताया और उनकी बातों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को उनके अनुभवों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। यह संवाद सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी सिद्ध हुआ, जिसने न केवल उनके मनोबल को बढ़ाया बल्कि उन्हें आत्म-अनुशासन, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच के महत्व को भी समझाया। इस मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### उपलब्ध कराई जाएंगी सुविधाएं:

इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से कहा कि छात्र-छात्राओं को लाईब्रेरी एवं कोचिंग की सुविधाएं यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे विषय से संबंधित कोचिंग सुविधा मिलने से छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जो कठिनाई या परेशानी आ रही है उसका निराकरण कराया जाएगा। इस दौरान छात्रा वर्षा कुशवाहा के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तएर देते हुए उन्होने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ,नियमित कक्षाएं लगने तथा विषय विषेज्ञों द्वारा समयानुसार अध्यापन कार्य कराए जाने की समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएंगी। छात्रा मधु प्रजापति द्वारा किए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरणा का होना आवश्यक होता है। जिससे लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होती है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की परीक्षाओं प्रतियोगिता में सिलेबस दिनचर्या महत्वपूर्ण होती है।



# क्षेत्र की 30 किलो मीटर की परिधि में एक पेट्रोल पंप

**उसी पर पेट्रोल का एक मात्र नोजल**

**फ्यूल के लिए लगी रहती है कतार**

**नवभारत न्यूज**

**बहादुरपुर।** क्षेत्र के कुकावली गांव से बेलई गांव की दूरी 30 किमी है। इस बीच केवल एक पेट्रोल पंप बंगला चैराहा तक है। करीब 25 वर्ष पुराने इस महेंद्र पेट्रोल पंप पर सुविधाओं की कमी है। पंप पर केवल दो नोजल हैं, जिनमें से एक डीजल का है दूसरा पेट्रोल का।

पेट्रोल वाले नोजल के सामने हमेशा वाहनों की कतार लगी रहती है। कई बार उपभोक्ताओं को पंद्रह मिनट तक इंतजार करना पड़ता है। परेशान उपभोक्ताओं ने कई बार इस संबंध में पेट्रोल पंप संचालक त्रिलोकचंद अहिरवार से शिकायत भी की। गुरुवार को एक उपभोक्ता की शिकायत पर श्री अहिरवार बोले कि उनका भी प्रतिदिन पांच सौ लीटर पेट्रोल का नुकसान हो रहा है। क्योंकि जो ग्राहक इंतजार नहीं करना चाहते, वह चले जाते हैं। उनका दावा है कि वह इंडियन ऑयल के स्थानीय अधिकारियों को कई बार नोजल की संख्या बढ़ाने के लिए पत्राचार कर चुके किंतु अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। इस पेट्रोल पंप के नियमित उपभोक्ता भूरा कटारिया निवासी गीलारोपा ने बताया कि इस पेट्रोल पंप पर हमेशा इंतजार करना पड़ता है। पम्प सुबह सात बजे के बाद खुलता है और रात आठ बजे ही बंद हो जाता है। जबकि इस इलाके में केवल यही एक पेट्रोल पंप है।

**इनका कहना है।**

*पेट्रोल पंप पर नोजल की संख्या कंपनी निर्धारित करती है। मैं आज ही पेट्रोल पंप का निरीक्षण करूंगी। संचालक से बात कर उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए निर्देश दूंगी।*

**ज्योति पटले, कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी, मुंगावली।**

## एक नजर में

### खेत से अचानक लापता हुआ 70 वर्षीय बुजुर्ग, तलाश में जुटी पुलिस

**नवभारत अशोकनगर।** जिले के समीपस्थ ग्राम बेरखेड़ी तूमैन मेंएक 70 वर्षीय अचानक से लापता हो गया, इसकी जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को लगी तो हड़कंप मच गया, इसके बाद उन्होंने बुजुर्ग के लापता होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा उसकी खोजबीन की जा रहीं है। तो वहीं नदी पास में होने और बुजुर्ग के कपड़े वहीं रखे होने के चलते एनडीआरएफ की टीम द्वारा नदी में सर्चिंग ऑपरेशन भी चलाया गया।

दरअसल 70 वर्षीय तोफान सिंह लोधी अपने खेत पर रखवाली के लिए रहते थे। विगत दिवस जब उनकी पत्नी उन्हें भोजन देने खेत पर पहुंचीं, तो वह वहां नहीं मिले। तो वही मौजूद उनकी चारपाई पर कपड़े, जूते और अन्य सामान रखा मिला, जिससे उनके अचानक लापता होने का संदेह गहरा गया। तो वहीं पति के न मिलने पर पत्नी ने तुरंत परिवार के लोगों और ग्रामीणों को सूचित किया। सभी ने मिलकर आसपास और खेत के पास बहने वाली नदी के दोनों किनारों पर तलाश की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। जिसके चलते लापता होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने नदी में लापता व्यक्ति की तलाश शुरू की गई। यह तलाश खबर लिखे जाने तक जारी थी।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**नवभारत अशोकनगर।** जिले के ग्राम हमीरपुर में तेज रफ्तार बाईक की टक्कर से एक 62 वर्षीय बुजुर्ग की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार हमीदपुर निवासी भैयालाल कुशवाह अपने घर से बेटा से मिलने के लिए खेत पर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे पड़ोसी गांव के युवक ने अपनी मोटरसाइकिल से उन्हें टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि बुजुर्ग मुंह के बल गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद बाइक चालक भी गिर गया, जिससे उसके चेहरे पर भी चोट लगी। मौके पर पहुंचे ग्रामीण दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए जहां बुजुर्ग को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। तो वहीं तो वही बाईक सवार युवक का इलाज जारी है। इस घटना में जहां पुलिस ने शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। तो वहीं मामला भी दर्ज किया है।

### कुत्ते को किया छू-छू, काटने पर मालिक पर हुई एफआईआर दर्ज

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम हेमराज बरखेड़ा में एक युवक को कुत्ते ने काट लिया। जिस पर पुलिस ने कुत्ता के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लियाकत खान पुत्र मुख्तयार खान निवासी हेमराज बरखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब वह असफाक खान की दुकान के आगे था, इसी दौरान राशिन खान ने अपने पालतू कुत्ते से उसे कटवा दिया। इस दौरान उसने पहले कुत्ते को छू-छू कहा, जिसके चलते कुत्ता ने सीधा आकर उसे काट लिया। इस मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर कुत्ता मालिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत मामला दर्ज किया है।

### हृदय रोग शिविर कल

**नवभारत अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय हृदय रोग शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें 0 से 18 वर्ष के रोगियों का परीक्षण किया जावेगा। आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि 8 नवम्बर को जिला चिकित्सालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक भोपाल के प्रसिद्ध चिकित्सालय एल एन मेडिकल कॉलेज एवं जेके हॉस्पिटल के सहयोग से एवं वरिष्ठ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में (0से 18) वर्ष के बच्चों का संस्था द्वारा पूर्व में उपचारित बच्चों का फॉलोअप एवं हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का उपचार/सर्जरी के लिए चिन्हित किया जाएगा।

# अपराधियों की करें सतत् निगरानी : सक्सेना

## पुलिस महानिरीक्षक ने की जिले के अपराधों की समीक्षा, दिये निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द कुमार सक्सेना द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा द्वारा जिले में संचालित पुलिस गतिविधियों, अपराधों की स्थिति एवं नियंत्रण संबंधी कार्यवाहियों की संक्षिप्त प्रस्तुति से किया गया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गंभीर अपराधों, संपत्ति संबंधी अपराधों, महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े अपराधों, सायबर अपराधों, मादक पदार्थों की तस्करी तथा आयुध एवं जुआ अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि अपराधों की रोकथाम के लिए प्रत्येक थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, निगरानी बदमाशों, गुण्डा की सतत निगरानी एवं नियमित चैकिंग सुनिश्चित करें।




इसके साथ ही प्रत्येक थाना स्तर पर माईक्रो बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाकर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर सूचनाओं का आदान-प्रदान बढ़ाया जाए, जिससे अपराधों की रोकथाम में जनसहयोग प्राप्त हो सके।

बैठक में अपराधों के शीघ्र निराकरण, लंबित मामलों के समयसीमा में निस्तारण, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, मद्य निषेध एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, तथा जनसुनवाई एवं जनसेवा कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर गश्त करें, रात्रिकालीन पेट्रोलिंग को प्राथमिकता दें तथा संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की दृश्यमान उपस्थिति सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने जिले की समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिले में बेहतर पुलिसिंग कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नागरिकों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार अपनाकर पुलिस की जनहितैषी छवि को और सुदृढ़ किया जाए। बैठक के समापन पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने पुलिस महानिरीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से जिले की पुलिस व्यवस्था को और सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों को गंभीरता से पालन करना सुनिश्चित करें तथा अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने, एवं जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु तत्पर रहें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, एएसपी गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा, एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान सहित जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने रजनीश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव परिणामों की घोषण गुरूवार को किया गया। घोषित किए परिणामों में जहां युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद रजनीश सिंघई (प्रिंस) निर्वाचित हुए। तो वहीं इस चुनाव में द्वितीय स्थान पर सचिन त्यागी रहे, जो अब जिला उपाध्यक्ष कहलायेंगे। इसके अलावा जिले की तीनों विधानसभाओ के अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है।

दरअसल युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम बनाया गया था। जिसके चलते जहां पूरी चुनाव प्रक्रिया ऑनलाइन संपन्न हुई। इस दौरान दावेदारों ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए तो वहीं उनके मतदान भी ऑनलाइन किया गया। जिलाध्यक्ष के हुई वोटिंग में जहां प्रिंस सिंघई को 2988 वोट मिले, तो वहीं उनके द्वितीय स्थान पर रहे सचिन त्यागी को 2848 मत प्राप्त हुए।

**राहुल बने विधानसभा अध्यक्ष :**

गुरूवार को घोषिण किए चुनाव परिणाम में जिले की तीनों विधानसभाओ के अध्यक्षों की भी घोषणा की गई। जिसमें अशोक नगर विधानसभा से राहुल वैरागी निर्वाचित हुए। तो वही मुंगावली विधानसभा शिवजीत यादव और चंदेरी विधानसभा शिवकुमार सिंह निर्वाचित हुए है।



# आरटीओ ने बनाए चालान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार जिले में जिला परिवहन अधिकारी रंजना सिंह कुशवाह द्वारा जिले के ईसागढ क्षेत्र में वाहनों की संघन चैकिंग की गई। इस दौरान यात्री वाहन, माल वाहन तथा अन्य छोटे वाहनों का नियम विरूद्ध संचालन करने पर चालानी कार्यवाही करते हुए उनसे समझौता शुल्क के रूप में कुल 35 हजार रूपये की राशि वसूल की गई। साथ ही एक मालयान से मोटरयान कर 40 हजार रूपये की राशि वसूली की गई। इस दौरान कुल 75 हजार रूपये का राजस्व बसूला गया। इसके अलावा मालयान (डम्फर) जप्त कर ईसागढ पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि जिला परिवहन अधिकारी द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों के साथ ही अन्य वाहनों की चैकिंग की जा रही है। इस चैकिंग के दौरान जो वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री पाये जाते है अनके विरूद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है। यह कार्यवाहीं विभाग द्वारा आगामी समय में जारी रहेगी।

# मतदाताओं का घर-घर जाकर करें सत्यापान : सिंह

## कलेक्टर ने किया चंदेरी विधानसभा के बीएलओ प्रशिक्षण का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया है। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजरों को प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण चंदेरी विधानसभा 033 चंदेरी क्षेत्र के जनपद पंचायत ईसागढ़ के बीएलओ एवं सुपरवाईजरों को शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा गुरूवार को किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि बीएलओ एवं बीएलओं सुपरवाईजर प्रशिक्षण का भलीभांति अध्ययन करें, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या परेशानी हो उसका निराकरण प्रशिक्षण में कराये। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य में बीएलओ अपनी महती भूमिका निभाए। उन्होंनें कहा कि कोई पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोडने से वंचित न रहे।



प्रशिक्षण में बताया गया कि बीएलओ द्वारा 4 दिसम्बर तक मतदाताओं के घर- घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य, मतदाताओं को गणना फार्म वितरण कराना, फार्मों को भरने में मदद करना, मतदाताओं के घर जाकर गणना फार्म वापिस प्राप्त करना तथा इन फार्मों को मोबाइल एप के माध्यम से वितरण एवं वापिसी दर्ज करना आदि कार्य सम्पन्न किया जायेगा। इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। इस अवसर पर एसडीएम ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़,तहसीलदार रोहित रघुवंशी,मास्टर ट्रेनर्स एवं बीएलओ उपस्थित रहे।



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अंचल के सबसे बड़े तीर्थ दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज के 53 वे आचार्य पद दिवस समारोह परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक

**कार्यक्रम** | **आज होगा मौजी बंधन समारोह, 53 दीपों से होगी महाआरती**

# जैसा जिसका कर्म, उसका वैसा ही फल देता है शनि ग्रह

श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में 7 नवम्वर को दोपहर में एक बजे मौजी बंधन समारोह के रूप में मनाया जायेगा।

**उपदेश कार को कहा गया है भले कठिन हो पर विधि पूरी बताये :**

इसके पहले आज धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि सबसे पहले उपदेश कार को कहा गया है कि व्यक्ति को सबसे पहले मद् से रहति करने को कहा गया है मद् का नाश क्रोध से भी ख़तरनाक होता है इसलिए सबसे पहले हमे को छोड़ना होगा ग्रह नक्षत्रों में सबसे सीधा सदा ग्रह शनि ग्रह होता है बिल्कुल सीधा सादा कुछ भी अपने तरफ़ से नहीं करता आपने जो कर्म किया है उसका पूरा फल शनि ग्रह देता है, उससे ही सब डरते हैं वह कोई रिसपद नहीं लेता जो आप ने किया उसी का फल आपको भोगना पड़ेगा। जैसे जिसका कर्म है उसको बैसा परिणाम देता है । जैसे ईमानदार आफिसर ज्यादा नहीं टिकता उसका ट्रांसफर होता है और जो टेविल के नीचे से सुविधाएं लेता देता रहता है और टिका रहता है लेकिन ईमानदार अफसर अपने कर्तव्य का पालन करते हैं।

**53 दीपों से होगी आचार्य भगवंत की महा आरती :**

इसके पहले जिज्ञासा समाधान समारोह में प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 53 वा आचार्य पद प्रात: काल की वेला में बड़े बाबा के दिव्य दरवार में भगवान का महाभिषेक होगा। इसके बाद आचार्य भगवंत की 53 दीपों से आरती होगी इसके बाद परम पूज्य के मंगल प्रवचन होंगे।

# जिला भाजपा कार्यालय पर होगा वंदे मातरम का गायन

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन 7 नवंबर से शुरू हो रहे वंदे मातरम 150 अभियान की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि यह अभियान 26 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान आज 7 नवंबर को सुबह 9 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर वंदे मातरम गीत का गायन किया जाएगा। इस दौरान भाजपा के सभी कार्यकर्ता निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि 7 नवम्बर 2025 को स्व.बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम अपनी रचना के 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी इस गीत की वर्षगांठ को देश और प्रदेश में उत्सव के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के साथ ही विरासत को संजोने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की मंसानुसार हम सभी कार्यकर्ता इसे आत्मसात करने में जुटे हुए हैं। जब हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय मूल्यों को संजोकर रखेंगे, तभी हमारा विकास स्थायी, संतुलित और सार्थक होगा। उन्होंने बताया कि वंदेमातरम/150 केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है।